स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ भारत सुंदर भिलाई**

'आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने बी.के. देवांगन को किया बहाल'

भिलाईनगर/आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने बीके देवांगन को बहाल करते हुए जोन क्रमांक 6 रिसाली का जोन आयुक्त बनाया है ज्ञात हो कि बीके देवांगन जोन आयुक्त जोन क्रमांक तीन में रहते हुए आदर्श आचार संहिता प्रभाव सील होने के दौरान दिनांक 07.10.18 को वॉल पेंटिंग, बैनर, पोस्टर नहीं हटाए जाने के कारण उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आते ही बी.के. देवांगन निलंबित किए गए थे आयुक्त महोदय ने आदेश में लेख किया है कि निलंबन की अवधि के वेतन भत्ते आदि का निराकरण विभागीय जांच के प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत किया जाएगा।

आयुक्त ने प्रशासनिक व्यवस्था में फेरबदल करते हुए टी.के रणदीवे सहायक अभियंता एवं प्रभारी जोन आयुक्त जोन क्रमांक 6 को 77 एम.एल.डी. (जल कार्य) में प्रभारी कार्यपालन अभियंता जल कार्य एवं अमृत मिशन के दायित्व निर्वहन हेतु पदस्थ किया गया है।

उप अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा को जोन क्रमांक 6 से जोन क्रमांक 2 कार्यालय में पदस्थ किया गया है एवं उप अभियंता मंजू साहू को जोन क्रमांक 2 कार्यालय से जोन क्रमांक 6 कार्यालय में पदस्थ किया गया है!

शरद दुबे अपने वर्तमान कार्यो के साथ–साथ जनसंपर्क विभाग में कार्य करेंगे तथा अजय शुक्ला अपने वर्तमान कार्य के साथ–साथ स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जागरूकता अभियान एवं प्रचार–प्रसार का कार्य स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में करेंगे।

आयुक्त सुंदरानी ने स्वच्छ भारत मिशन एवं शासन प्रशासन के कार्य मैं गति लाने हेतु निगम के अधिकारी कर्मचारियों को नई जिम्मेदारी के साथ आंशिक फेरबदल किया है।

जनसम्पर्क अधिकारी